गार्गी प्रकाशन

पुस्तक सूची

2023

गार्गी प्रकाशन

जनपक्षधर एवं प्रगतिशील साहित्य

www.gargibooks.com

परिचय

गार्गी प्रकाशन अपने पाठकों को कम मूल्य पर ऐसा स्तरीय और सुरुचिपूर्ण साहित्य उपलब्ध कराने का प्रयास करता है जो जनता में न्याय, समानता और एक बेहतर जीवन के लिए संघर्ष की भावना उत्पन्न करे। आज देश और दुनिया के पैमाने पर जनविरोप्री और मानवद्वेषी मूल्यों, मान्यताओं और संस्कृति के घटाटोप में यह प्रकाशन जीवन और समाज के लिए सार्थक और उपयोगी संस्कृति के बीजारोपण की चेष्टा करता है। खासकर वह विश्व साहित्य की ऐसी अनुपम और कालजयी कृतियों को हिन्दी पाठकों के लिए प्रस्तुत करता है जो मानवता के एक बेहतर भविष्य के लिए उनमें आशा और उत्साह का संचार करें।



बटुकेश्वर दत्त : एक जिन्दगीनामा

सुधीर विद्यार्थी

"बटुकेश्वर दत्त का नाम सामने आते ही मेरे भीतर 'इन्कलाब' के लिए तनी हुई मुट्ठियाँ और फिर जेलों की अंधेरी कोठरियों के अन्दर भयंकर यातनाएँ झेलते एक राजनीतिक योद्धा का चित्र उभरता है। लेकिन थोड़ी ही देर में ये दो दोनों चित्र धुँधले होकर गायब हो जाते हैं और तीसरी तस्वीर में वही मुक्ति-योद्धा पटना शहर की सड़कों पर एक पुरानी जर्जर साइकिल से अपनी शेष जिन्दगी का बोझ ढोते हुए दिखायी पड़ने लगता है। मैं असह्य पीड़ा से अपनी आँखें बन्द कर लेता हूँ। फिर मेरे सामने उस क्रान्तिकारी की आठ महीने लम्बी दर्दनाक मौत का दृश्य कौंधने लगता है। मैं पूरे देश की ओर से बटुकेश्वर दत्त से माफी माँगना चाहता हूँ, पर मेरे होंठ नहीं हिलते। शब्द गले में ही अटक कर रह जाते हैं। स्वतंत्र भारत में उनकी टूटी-उपेक्षित जिन्दगी के पन्नों को पलटते हुए मैं हर बार गहरी पीड़ा से भर जाता हूँ।"-- **सुधीर विद्यार्थी**

नयी प्रस्तुति
प्रथम संस्करणः 2023
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 96
मूल्यः रु. 80.00
ISBN : 978-93-94061-11-8

हाड़तोड़ मेहनत : मजदूर, अलगाव और वर्ग संघर्ष

माइकल डी येट्स

अनुवाद : दिगम्बर

मजदूर वर्ग को दुनिया बदलना होगा। इससे अलग कोई विकल्प नहीं है। पूँजी के लम्बे शासन ने लगभग पूरी मानवता के लिए बेहद अलगाव की स्थिति पैदा कर दी है। इफरात वस्तुओं और सेवाओं को बनाने के बावजूद, पूँजीवाद ने कभी भी यह सुनिश्चित नहीं किया कि बराबरी के साथ उनका वितरण किया जाये। आज, आठ अरबपतियों की संयुक्त सम्पत्ति दुनिया के आधे लोगों की कुल सम्पत्ति के बराबर है। कई अरब लोग आर्थिक बर्बादी के कगार पर जी रहे हैं। काम करना आज कुछ लोगों को छोड़कर सभी के लिए नरक है। पूँजीवाद ने पृथ्वी के पर्यावरण को तबाह कर दिया है। अगर हमें अपनी इनसानियत को बचाना है और इस ढर्रे को पलट देना है, तो मजदूर वर्ग को दुनिया बदलनी होगी। अपनी विशाल संख्या और सम्भावित शक्ति के साथ केवल मजदूर वर्ग ही इस काम को कर सकता है।



नयी प्रस्तुति
प्रथम संस्करणः 2023
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 248
मूल्यः रु. 220.00
ISBN : 978-93-94061-10-1



पारिस्थितिकी : पूँजीवाद के खिलाफ

जॉन बेलामी फोस्टर

अनुवाद : दिगम्बर

जिन अध्यायों से मिलकर *पारिस्थितिकी : पूँजीवाद के खिलाफ* तैयार हुई है वे वर्ष 1992 से 2001 के बीच अलग-अलग निबन्धों के रूप में लिखे गये थे, जिनमें पूँजीवाद के अन्तर्गत पर्यावरण संकट के प्रति मुख्यधारा के आर्थिक दृष्टिकोणों की आँखों देखी आलोचना प्रस्तुत की गयी थी। ... इस पुस्तक का सार यह है कि पारिस्थितिकी और पूँजीवाद के क्षेत्र एक दूसरे के विरोधी हैं। हर अलग-अलग उदहारण में नहीं, लेकिन समग्र रूप से उनके बीच परस्पर क्रिया के मामले में। यह पहुँच उनसे अलग है जो वर्तमान पारिस्थितिक संकट को आम तौर पर स्थायी मानव स्वभाव, आधुनिकता, औद्योगीकरण या यहाँ तक कि आर्थिक विकास के मत्थे मढ़ते हैं, जिसमें इस उम्मीद के लिऐ भरपूर आधार है कि मानव प्रगति की सम्भावना का परित्याग किये बिना ही हमारी बेहद गम्भीर पारिस्थितिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

नयी प्रस्तुति

प्रथम संस्करणः 2023

आकार : डिमाई/8,

पृष्ठ : 208

मूल्यः रु. 180.00

ISBN : 978-93-94061-13-2

प्राचीन विश्व में विज्ञान और दर्शन

देबीप्रसाद चट्टोपाध्याय

अनुवाद : उत्सा प्रवीण

... प्राकृतिक विज्ञान के लिए पहला असाधारण कदम वास्तव में प्राचीन भारत में उठाया गया था। यह समय सम्भवतः बुद्ध से थोडा पहले का था। इसके साथ ही यह भी तथ्य है कि पारम्परिक भारत में प्राकृतिक विज्ञान बहुत शुरुआती या अल्पविकसित स्थिति से आगे विकसित नहीं हुआ। जाहिर है कि इसके विकास को रोकने वाला कोई बहुत मजबूत कारक मौजूद रहा होगा।

इसलिए इस शोध पत्र में उस ताकत को पहचानने की कोशिश की गयी है जो प्राचीन भारत में प्राकृतिक विज्ञान के विकास के प्रतिकूल साबित हुई। यह तर्क दिया जाता है कि प्राचीन भारत में विज्ञान को अपाहिज बनाने वाला प्रमुख कारक राजनीतिक था।



नयी प्रस्तुति

प्रथम संस्करणः 2023

आकार : डिमाई/8,

पृष्ठ : 48

मूल्यः रु. 30.00

ISBN : 978-93-94061-06-4



रात में चहलकदमी

अलेक्स ला गुमा

अनुवाद : दिगम्बर

अलेक्स ला गुमा का यह उपन्यास ‘ए वॉक इन द नाइट’ शीर्षक से 1962 में प्रकाशित हुआ था और अपने शीर्षक के अनुरूप ही इसने रंगभेद और नस्ली उत्पीड़न का दंश झेल रहे दक्षिण अफ्रीका की एक तस्वीर प्रस्तुत की। ... अलेक्स ला गुमा के उपन्यास दक्षिण अफ्रीका के उस दौर का चित्रण करते हैं जब दुनिया की अत्यन्त बर्बर व्यवस्था यानी रंगभेद नीति की चपेट में दक्षिण अफ्रीका पड़ा हुआ था।...अलेक्स ला गुमा गोराशाही से मुक्त दक्षिण अफ्रीका को देखने के लिए जीवित नहीं थे लेकिन उन्होंने अपने उपन्यासों और बेशुमार लेखों में उम्मीद जाहिर की थी कि एक दिन दक्षिण अफ्रीका से गोराशाही समाप्त होगी। 31 अगस्त 2017 को केन्या के मशहूर उपन्यासकार न्गुगी वा थ्योंगो ने अपने एक संस्मरण में अलेक्स ला गुमा को याद करते हुए 1967 में उनसे हुई अपनी पहली मुलाकात का जिक्र किया है।

नयी प्रस्तुति

प्रथम संस्करणः 2023

आकार : डिमाई/8,

पृष्ठ : 96

मूल्यः रु. 80.00

ISBN : 978-93-94061-05-7

सांस्कृतिक मोर्चे के बारे में

ऋत्विक कुमार घटक

अनुवाद : सनी तोमर

संस्कृति अतीत की विरासत को नया रूप देती है। केवल अतीत को नया रूप देकर और इसे इसकी तार्किक परिणति तक ले जाकर ही संस्कृति सर्वहारा वर्ग की सेवा में आ सकती है। तब ही, लोकतांत्रिक मोर्चे के मूलभूत कार्यभार को पूरा करने के लिए उत्पीड़ित जनता के बड़े हिस्से को तैयार किया जा सकता है।....

... तब हम उन *तार्किक परिणतियों पर पहुँचेंगे जो बुर्जुआ संस्कृति में अन्तर्निहित हैं और आजाद होने के लिए तड़प रही हैं*। हमारे साथियों को उन कलाकारों के साथ रचनात्मक तरीके से काम करना चाहिए ताकि उनकी “लय और भाषा”, उनके “उच्चारण” के तरीके सीख सकें। यानी *उनके रूप, दार्शनिक अन्तर्वस्तु को संचालित करने का तरीका* सीखें।



नयी प्रस्तुति

प्रथम संस्करणः 2023

आकार : डिमाई/8,

पृष्ठ : 80

मूल्यः रु. 60.00

ISBN : 978-93-94061-14-9



नयी प्रस्तुति
प्रथम संस्करणः 2023
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 124
मूल्यः रु. 100.00
ISBN : 978-93-94061-16-3

अफ्रीकी कविताएँ (कविता संग्रह)

अनुवाद : स्व. मंगलेश डबराल

कविताओं का अनुवाद एक कठिन काम है। अफ्रीकी कविताओं का अनुवाद तो और भी कठिन है क्योंकि जब तक आप वहाँ के समूचे परिवेश से परिचित न हों, कवि की बात को पाठकों तक उसी रूप में सम्प्रेषित नहीं कर सकेंगे जिस रूप में वह चाहता है। मिसाल के तौर पर दक्षिण अफ्रीका की कविताओं को ही लें। अल्पमत गोरी सरकार की रंगभेद नीति का उत्पीड़न झेल रही दक्षिण अफ्रीकी जनता को कदम कदम पर जिन दुश्वारियों का सामना करना पड़ता था उनकी समझ अगर नहीं हो तो अनुवाद वैसा नहीं हो सकता जैसा वांछित है। ... गोराशाही के दिनों में रात में 11 बजे जब सायरन बजता था तो सड़क पर या सार्वजनिक स्थल पर कहीं भी अगर कोई काला व्यक्ति मौजूद होता था तो उसके लिये यह संकेत था कि अब वह कहीं जाकर छिप जाय- ओझल हो जाय।

कोविड-19 और आपदा पूँजीवाद

जान बेलामी फोस्टर, इन्तान सुवांडी

कोविड-19 महामारी, अपने लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के साथ "वैश्विक आपूर्ति-शृंखला का पहला वैश्विक संकट बन गयी है। इसने आर्थिक तबाही, बेतहाशा बेरोजगारी और योग्यता से निम्न स्तर के रोजगारों, निगमों की बरबादी, बढ़ते शोषण, चौतरफा भुखमरी और वंचना को जन्म दिया है। इसका मुख्य कारण--

20वीं सदी के अन्त और 21वीं सदी के शुरु में उत्पादन का साम्राज्यवादी ढाँचागत समायोजन-- जिसे हम वैश्वीकरण के नाम से जानते हैं-- प्राथमिक तौर पर, मुख्यतः वैश्विक पूँजी और वित्त के उत्तर स्थित केन्द्रों के फायदे के लिए वैश्विक दक्षिण में स्थित मजदूरों के मजदूरी-अन्तरपणन और अतिशय शोषण का परिणाम था।

नयी प्रस्तुति
प्रथम संस्करणः 2023
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 24
मूल्यः रु. 15.00
ISBN : 978-93-94061-02-6

महामारियों का राजनीतिक-अर्थशास्त्र

रॉब वालेस

रॉब वालेस अमरीका में रहने वाले एक जीव वैज्ञानिक हैं जो जन स्वास्थ्य से जुड़े अनुवांशिक विकास और जीनों की भौगोलिक विविधताओं का अध्ययन करते हैं। जानलेवा कोविड-19 महामारी के दौरान आये उनके शोधपरक लेखों ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींचा है। वे उन महामारी विशेषज्ञों में से हैं जो इस सदी की शुरुआत से ही घातक महामारियों के विस्फोट के खतरे से दुनिया को आगाह करते रहे हैं। उनके लेख बीमारियों की उत्पत्ति और संक्रमण के फैलाव के बारे में दकियानूसी नजरिये की बखिया उधेड़ देते हैं। वे गहन छानबीन करके उन समाज वैज्ञानिक कारकों को हमारे सामने लाते हैं जो रोगाणुओं (पैथोजेन्स) को जंगलों से निकालकर हमारे समाज में फैला रहे हैं।

नयी प्रस्तुति

प्रथम संस्करणः 2023
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 32
मूल्यः रु. 20.00
ISBN : 978-93-94061-08-8

उर्दू के अज़ीम शायर

विजय गुप्त

इस पुस्तक में उर्दू के दस महान कवियों को समझने और आज के सन्दर्भ में परखने का प्रयत्न है। साम्प्रदायिक शक्तियाँ हिन्दी और उर्दू का मेल-मिलाप नहीं चाहती हैं। भाषा उनके लिए जोड़ने का उपकरण नहीं बल्कि तोड़ने का हथियार है। इस हथियार का प्रयोग पराधीन भारत में अंग्रेज़ों ने सबसे पहले किया था। उन्होंने हिन्दी और उर्दू के बीच शत्रुता और फूट के बीज बोये। इस बीज को पल्लवित-पुष्पित करन का काम स्वतंत्र भारत में साम्प्रदायिक राजनीतिक दलों और धार्मिक कठमुल्लों ने किया। उन्होंने ईश्वर और अल्लाह के बीच दीवार खड़ी कर दी। हिन्दी और उर्दू के बीच बैरियर लगा दिया। लेकिन हमारे कालजयी कवियों ने भेद-भाव की हर दीवार तोड़ दी। किसी भी बैरियर को मानने से इनकार कर दिया।



प्रथम संस्करणः 2022
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 152
मूल्यः रु. 120.00
ISBN : 978-81-955764-5-6



प्रथम संस्करणः 2022
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 128
मूल्यः रु. 60.00
ISBN : 978-81-955764-4-9

मरियल घोड़ा, दुर्बल सवार

कैथरिन एनी पोर्टर

अनुवाद : दिगम्बर

लघु उपन्यास *पेल हॉर्स, पेल राइडर* (*मरियल घोड़ा, दुर्बल सवार*) का कथानक 1918-19 में फैली इन्फ्लुएंजा महामारी पर केन्द्रित है। यह अमरीकी उपन्यासकार कैथरीन ऐनी पोर्टर की विश्वविख्यात रचना है जो खुद उस महामारी का शिकार होकर मरते-मरते बची थी। 1939 में प्रकाशित यह लघु उपन्यास, दो ऐसे प्रेमियों की कहानी है जो विश्वयुद्ध के काल में घातक फ्लू वायरस की चपेट में आ जाते हैं। विश्वयुद्ध और महामारी की पृष्ठभूमि में लिखी गयी यह कहानी एक ही साथ रोमांटिक भी है और त्रासद भी।

मूसा से मार्क्स तक

सैयद सिब्ते हसन

अनुवाद : डॉ. फिदा हुसैन

यह पुस्तक मूसा से लेकर मार्क्स-एंगेल्स तक के विचार का प्रतिनिधित्व करती है। इस पुस्तक में-- दुनिया के बारे में, समाज के बारे में, मनुष्य के बारे में, इन के इतिहास के बारे में, प्रकृति के बारे में और इन सब को संचालित करने वाली शक्तियों, सिद्धान्तों और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गयी है।

मार्क्स और एंगेल्स ने अपने साम्यवादी विचारों को 'वैज्ञानिक समाजवाद' और पुराने समाजवाद को 'काल्पनिक समाजवाद' से परिभाषित किया था। काल्पनिक समाजवाद से उनका अभिप्राय सामाजिक सुधार की वे योजनाएँ थीं जो यूरोप के बुद्धिजीवी समय-समय पर प्रस्तुत करते रहते थे। तथ्य, समाज के वास्तविक हालात से नहीं प्राप्त किये गये थे बल्कि उन विचारकों की व्यक्तिगत इच्छाओं के प्रतिबिम्ब थे। इसके विपरीत वैज्ञानिक समाजवाद, पूँजीवादी व्यवस्था के वास्तविक हालात का जरूरी और तार्किक परिणाम था। इसके नियम सामाजिक विकास और विशेष रूप से पूँजीवादी व्यवस्था के गहन अध्ययन से प्राप्त किये गये थे।



प्रथम संस्करणः 2022
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 400
मूल्यः रु. 340.00
ISBN : 978-81-955764-2-5



विश्व कविता की क्रान्तिकारी विरासत

रामनिहाल गुंजन

विश्व कविता की क्रान्तिकारी विरासत दरअसल विश्व जातीय काव्य-परम्परा की विरासत है, जिसको ग्रहण कर जनपक्षधर और क्रान्तिचेता कवियों ने अपनी कविताओं का परचम विश्व की व्यापक जनता के पक्ष में लहराने का प्रयत्न किया। उन कवियों में मार्क्स, लेनिन, माओ त्से-तुङ, नाजिम हिकमत आदि से लेकर हिन्दी के निराला, मुक्तिबोध आदि कवियों ने उस परम्परा का अपने ढंग से विकास करते हुए एक नये ढंग की संस्कृति-- नव जनवादी संस्कृति-- की ओर विश्व-जनता का ध्यान आकृष्ट करने का काम किया और इस सिलसिले में उन्होंने एक नयी परम्परा का सूत्रपात किया, जिसे हम विश्व-मानवतावाद के नाम से जानते हैं तथा जो उन तमाम क्रान्तिचेता कवियों और लेखकों का अभीष्ट भी रहा है।

प्रथम संस्करणः 2022
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 48
मूल्यः रु. 20.00
ISBN:978-81-955764-0-1

राहुल सांकृत्यायन : व्यक्ति और विचार

रामनिहाल गुंजन

प्रस्तुत पुस्तक राहुल सांकृत्यायन के व्यक्तित्व, कृतित्व और विचारों के विविध पक्षों को हमारे सामने लाती है। उनके कार्यों के महत्व को उनके समग्र साहित्य और चिन्तन के अध्ययन-विश्लेषण तथा मूल्यांकन के बाद ही समझा जा सकता है। यों राहुल विशिष्ट अर्थ में जितने बड़े भाषाविद्, पुरातत्वविद्, साहित्यकार और इतिहासकार रहे हैं, उससे अधिक सामान्य अर्थ में वे एक जन-पक्षधर चिन्तक और मानवतावादी लेखक रहे हैं। इस अर्थ में राहुल-साहित्य का विवेचन निःसन्देह एक सुसंगत और व्यापक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य की माँग करता है। राहुल सच्चे अर्थों में एक युग पुरुष थे। अपने व्यवहारिक और सैद्धान्तिक कामों से राहुल ने देश और विदेश में काफी ख्याति अर्जित कर लिया था।



प्रथम संस्करणः 2022
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 160
मूल्यः रु. 120.00
ISBN: 978-81-955764-9-4



प्रथम संस्करणः 2022
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 64
मूल्यः रु. 40.00
ISBN:978-81-955764-8-7

इनसान का नसीबा

मिखाइल शोलोखोव

'इन्सान का नसीबा' कहानी 1957 में लिखी गयी थी। मिखाइल शोलोखोव ने कहानी की शुरुआत संयम और उदासी से की है, मानो वे पाठक को चेतावनी देना चाहते हैं कि यह कोई आसान कहानी नहीं है जिसे उन्हें बताना है। युद्ध के बाद के वसंत में वे झुके हुए कंधों और बड़े खुरदरे हाथों वाले एक लम्बे व्यक्ति अन्द्रेई सोकोलोव से मिले। उसने अपने सैनिक जीवन की कहानी लेखक से कह सुनायी। उसने बताया कि युद्ध के दौरान कैसे उसने उन यातनाओं और कष्टों को सहा जो कमजोर लोगों को तोड़ देते थे ... लेकिन सोकोलोव घायल दिल के साथ अभी भी उत्सुक है जीवन के लिए।

गदरी आखिरी साँस तक

वेद प्रकाश 'वटुक'

आज जब सत्ता द्वारा इतिहास का पुनर्लेखन हो रहा है, कल के गद्दारों को राष्ट्रभक्त बनाया जा रहा है, बलिदानियों को भुलाया जा रहा है, तो मन उद्विग्नता से भर उठता है। जीवन के अंतिम पड़ाव में भाव उठता है कि मैं प्रतीक रूप में पुनः ऐसे एक महानायक के माध्यम से निरन्तर प्रचार से 'ब्रेनवाश' किये जाने वाले नवयुवकों को बताऊँ कि क्या था आजादी का सपना और कैसा था शहीदों का बलिदान। दिन-रात के झूठे प्रचार के नक्कार खाने में मेरी तूती सी आवाज किसी को सुनाई दे जाये, जो उसे करतार सिंह सराभा, भगत सिंह बना सके। मानवता के लिए एकता के सेतु के निर्माण में मेरा यह गिलहरी सा प्रयास शायद किसी के मन में शुद्ध देश-मानवता-प्रेम जगा सके। मात्र इसी अभिलाषा के साथ समर्पित है मेरी यह कृति उन अज्ञात नवयुवक-युवतियों को, जो देश का भविष्य हैं।

--वेद प्रकाश 'वटुक'



प्रथम संस्करणः 2021
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 152
मूल्यः रु. 80.00
ISBN:81-87772-95-6



प्रथम संस्करणः 2021
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 72
मूल्यः रु. 40.00
ISBN : 81-87772-94-8

अमरीका में पहला भारतीय परिवार

वेद प्रकाश 'वटुक'

जिस प्रकार किसी भव्य मन्दिर के स्वर्णिम कंगूरे ही दूर से दिखाई देते हैं, पर उसकी नींव में दबे अनगिनत ईंट-रोड़े नहीं, उसी प्रकार हमें आज के अमरीका का उत्कर्ष ही आकर्षित करता है, वहाँ बसे अपने भारतीयों का सफल संसार ही हमारी आँखों को चकाचौंध करता है, किन्तु उसकी इस भव्यता के लिए शताब्दियों तक आदिवासियों का बहाया रक्त, करोड़ों काले अफ्रीकी दासों के रक्त, अस्थि-मज्जा का बलिदान या हमारे भारतीयों पूर्वजों का अप्रतिम संघर्ष दिखाई नहीं देता। हम भारतीय आज के अमरीका में जिस स्थान पर पहुँचे हैं, वहाँ तक आने में विगत सवा सौ वर्षों में हमारे पूर्वजों को कितना संघर्ष करना पड़ा है, इसकी आज के भारतीयों को कोई कल्पना नहीं।

पूँजीवाद और मानसिक स्वास्थ्य

डेविड मैथ्यूज

अनुवाद : दिगम्बर

पूँजीवाद कभी भी मानसिक स्वास्थ्य हासिल करने में पूरी तरह सहायक परिस्थितियाँ मुहैया नहीं कर सकता। उत्पीड़न, शोषण और असमानता इनसान होने के असली अहसास को बहुत दबा देती है। मानसिक खुशहाली पर पूँजीवाद के कुप्रभाव की क्रूरता का विरोध करना वर्ग संघर्ष के केन्द्र में होना चाहिए क्योंकि समाजवाद के लिए लड़ाई केवल भौतिक समानता में बढ़ोतरी की लड़ाई नहीं है, बल्कि एक ऐसी मानवता और एक ऐसे समाज के लिए भी है जिसमें मनोवैज्ञानिक सहित सभी मानवीय जरूरतों की पूर्ति हो। समाज के सभी सदस्य पूँजीवाद की अमानवीय प्रकृति से प्रभावित हैं, लेकिन, धीरे-धीरे और दृढ़ निश्चय के साथ, सबसे अधिक उत्पीड़ित और शोषित लोग सबसे स्पष्ट रूप से संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं।



प्रथम संस्करणः 2021
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 24
मूल्यः रु. 15.00



प्रथम संस्करणः 2020
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 144
मूल्यः रु. 110.00
ISBN : 81-87772-92-1

अमिल्कर कबराल

अनुवाद व सम्पादनः आनन्द स्वरूप वर्मा

अमिल्कर लोपेस द कोस्ता कबराल (12 सितम्बर, 1924--20 जनवरी, 1973) पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ व केप वर्डे के एक कृषि इंजीनियर, लेखक, विचारक और मुक्ति योद्धा थे। उन्होंने अपने देश को पुर्तगाली उपनिवेशवाद से आजाद कराने के लिए 1956 में 'पीएआईजीसी' (अफ्रीकन पार्टी फॉर दि इण्डिपेण्डेंस ऑफ गिनी एण्ड केप वर्डे) नामक राजनीतिक दल का गठन किया और पुर्तगाल की राजधानी लिजबन में कृषि वैज्ञानिक की नौकरी से इस्तीफा देकर अपने देश गिनी बिसाऊ लौट आये। उसी वर्ष उन्होंने अफ्रीका के एक अन्य पुर्तगाली उपनिवेश अंगोला की आजादी के लिए अपने मित्र अगोस्तीनो नेतो के साथ मिलकर एमपीएलए (पापुलर मूवमेण्ट फॉर दि लिबरेशन ऑफ अंगोला) नामक पार्टी की भी स्थापना की।

गाँव की आवाज

नीयी ओसुन्दरे

अनुवाद : दिगम्बर

नीयी ओसुन्दरे ने न केवल कविताएँ, बल्कि अनेक नाटक तथा साहित्य और समाज के रिश्तों को लेकर महत्वपूर्ण लेख लिखे हैं और निरन्तर सक्रिय हैं।... नीयी ओसुन्दरे से जब एक पत्रकार ने जानना चाहा कि क्या विदेश में रहने वाले लेखक उन लेखकों के मुकाबले ज्यादा लाभ की स्थिति में हैं, जो अफ्रीका में ही रहकर लेखन कर रहे हैं, तो जवाब में ओसुन्दरे ने उन सुविधाओं का तो जिक्र किया जो किसी विकसित देश में उपलब्ध होती हैं, लेकिन इसे रचनात्मकता के लिए पर्याप्त नहीं माना। उन्होंने कहा कि लेखन के लिए जरूरी है-- "अनुभव का सार, देशज फूलों की खुशबू, अपनी मिट्टी की गन्ध, गर्मियों के शुष्क मौसम में सहारा मरुस्थल से आती हवाओं में उड़ते पत्तों की सरसराहट... इनसे ही तो हमें लेखन के विषय मिलते हैं।



प्रथम संस्करणः 2020
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 96
मूल्यः रु. 60.00
ISBN : 81-87772-93-X



प्रथम संस्करणः 2020
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 112
मूल्यः रु. 50.00
ISBN:81-87772-91-3

जलियाँवाला बाग की खूनी बैशाखी

अनुवाद : रामपाल

प्रस्तुत पुस्तक में पाठक को दमनकारी कानूनों के इतिहास और कुछ ऐतिहासिक दस्तावेजों को जानने का मौका मिलेगा। वहीं ये दस्तावेज अब तक जनता की आँखों से दूर रहे। इसमें एक दस्तावेज वह है, जिसमें सिर्फ जलियाँवाला बाग का जिक्र ही नहीं है, बल्कि उसके बाद जिस तरह 3 महीने तक एक सैनिक तानाशाही चलायी गयी, उसका भी वर्णन है। इसे गदर पार्टी ने 1920 में छापा था। उस दौरान लोगों को बदले की भावना से यातनाएँ दी गयीं और बगैर अपील के बेगुनाह लोगों को बड़ी-बड़ी सजाएँ दी गयीं, इन्हें समझने में भी इस पुस्तक से अवश्य मदद मिलेगी।

काला गोदी मजदूर
सेम्बियन ओसमान

अनुवाद : नरेन्द्र अनिकेत

काला गोदी मजदूर का नायक डिआ फल्ला औद्योगिक क्रान्ति के बाद यूरोप के सम्पन्न राष्ट्रों द्वारा अपने बाजार के लिए गुलाम बना लिये गये तीसरी दुनिया के एक देश का नागरिक ही नहीं है, बल्कि वह दुनिया के सर्वहारा वर्ग का प्रतिनिधि है। वह अपनी रचनाशीलता के लिए संघर्ष करता है। वह फ्रांस के मार्सेइलेस पहुँचता है और गोदी मजदूर बन जाता है। हाड़-तोड़ मेहनत के बावजूद अपने भीतर के लेखक को वह बचाये रखता है और अपना उपन्यास पूरा करता है। पुस्तक प्रकाशन के प्रयास के क्रम में उसे पेरिस मे एक फ्रांसीसी युवा लेखिका मदद का भरोसा देती है। वह विश्वास करता है और अपने सपनों के साथ मार्सेइलेस लौट आता है। डिआ फल्ला की प्रेमिका को उस लेखिका पर सन्देह होता है, लेकिन डिआ फल्ला की उम्मीद कायम रहती है।



प्रथम संस्करणः 2020
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 144
मूल्यः रु. 100.00
ISBN:81-87772-90-5



प्रथम संस्करणः 2020
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 88
मूल्यः रु. 70.00
ISBN : 81-87772-88-3

मार्क्सवाद और कविता

जॉर्ज थामसन

अनुवाद व सम्पादनः रामनिहाल गुंजन

जार्ज थॉमसन की पुस्तक 'मार्क्सिज्म एण्ड पोयेट्री' उनकी प्रारम्भिक आलोचनात्मक कृतियों में से है, जिसमें उन्होंने मार्क्सवादी दृष्टि से गीत, महाकाव्य और नाटक के उद्‌भव और विकास के बारे में विशाल विवेचन प्रस्तुत किया है। पुस्तक में संकलित लेख, जैसा कि थॉमसन ने इसके प्रथम संस्करण की भूमिका में लिखा है, बर्मिंघम में 1946 में किये गये भाषण और उनकी पुस्तक 'एस्काइलस एण्ड एथेन्स' से गृहीत है।

जार्ज थॉमसन रैल्फ फॉक्स, क्रिस्टोफर कॉडवेल, एलिकवेस्ट आदि लेखकों के समकालीन रहे हैं। ये उनके साथ कम्युनिस्ट आन्दोलन में भी शरीक थे।

साहित्य, संस्कृति और विचारधारा

अन्तोनियो ग्राम्सी

अनुवाद व सम्पादनः रामनिहाल गुंजन

इस पुस्तक में शामिल ग्राम्शी के निबन्धों में उनके मार्क्सवादी दृष्टिकोण से किया गया देश और समाज की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों का अध्ययन-विश्लेषण प्रस्तुत है। वे अपने 'दक्षिणी उत्तर' नामक लेख में इटली के दक्षिणी हिस्से की जनता की संघर्षशील स्थितियों का अध्ययन करते हुए उनकी तुलना उत्तरी इटली के जन-जीवन तथा उसकी सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक स्थितियों से करते हैं।... इस प्रसंग में ग्राम्शी सर्वहारा वर्ग की एकता पर बल देते हैं, जो मजदूर वर्ग और किसान वर्ग की एकता कायम रखने तथा दक्षिणी इटली की मजदूर-किसान जनता को पूँजीपति वर्ग के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देती है।



प्रथम संस्करणः 2020
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 104
मूल्यः रु. 80.00
ISBN : 81-87772-89-1



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 500
मूल्यः रु. 320.00
ISBN : 81-87772-76-X/
81-87772-78-6

अंधड़

चाओ ली-पो

अनुवाद : शोभा राम शर्मा

चाऊ ली-पो का उपन्यास 'अंधड़' चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की अगुआई में मुक्त क्षेत्रों में हुए इसी भूमि सुधार आन्दोलन की शुरुआती कहानी कहता है। जिसने अंधड़ बनकर पुरानी जीर्ण हो चुकी सत्ता को ध्वस्त कर नवजनवादी चीन के निर्माण की राह खोली।

अंधड़ चीन में हुए ऐसे ही प्रयोगों की कथा कहता है। कहा जाता है कि माओ का भूमि सुधार कार्यक्रम दरअसल नयी व्यवस्था के लिए व्यापक समर्थन जुटाने की योजना थी। और 'जमीन जोतने वाले को' का नारा देकर कम्युनिस्टों ने विशाल किसान वर्ग का दिल जीत कर उसे लाल परचम के तले खड़ा कर दिया। इन करोड़ों वंचित किसानों के दिलों में मुक्ति की जो उद्दाम लहरें उठीं उसने च्यांग काई-शेक की सत्ता को उखाड़ फेंका।

औजारों का इतिहास

वी गॉर्डन चाइल्ड

अनुवाद : सुशील कुमार

इस पुस्तक का विषय मानव-विज्ञान, इतिहास और पुरातत्व विज्ञान से सम्बन्धित है। मानव विकास का अब तक का इतिहास समझने के लिए यह रचना बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

चाइल्ड ने औजारों की मदद से मानव विकास की कहानी का पता लगाया। सच तो यह है कि औजारों का इतिहास, मानव विकास की कहानी ही है। बैंजामिन फ्रैंकलिन (1706-1790) ने इस रचना से पहले कहा था कि "मनुष्य एक औजार बनाने वाला प्राणी है"। औजार एक खास मकसद को ध्यान में रखकर बनाये जाते हैं। जब मकसद बदल जाता है तो औजारों की शक्ल-सूरत और कार्यविधि भी बदल जाती है। औजार कोई अपने आप या अचानक प्रगट हुआ अजूबा नहीं है, बल्कि मनुष्य की जरूरतों और उसके दिमाग की उपज है। औजारों के बिना मानव के अस्तित्व का कोई मायने नहीं है।



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 64
मूल्यः रु. 30.00
ISBN : 81-87772-84-0



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 256
मूल्यः रु. 200.00
ISBN : 81-87772-80-8

औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति

न्गुगी वा थ्योंगो

अनुवाद : आनन्द स्वरूप वर्मा

इस पुस्तक में यह बताने का प्रयास किया गया है कि भाषा का सवाल अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है क्योंकि किसी समाज में सम्पत्ति, सत्ता और मूल्यों के संगठन के समूचे मर्यादाक्रम में भाषा का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। भाषा देश काल के सन्दर्भ में किसी समुदाय के आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकासक्रम का उत्पाद है। प्रकृति और मनुष्य के रूप में एक दूसरे के साथ सम्पर्क स्थापित करने में लोगों ने संवाद की एक व्यवस्था को जन्म दिया जिसकी सर्वोत्तम अभिव्यक्ति और संकेतों को इसने भाषा कहा। लेकिन भाषा किसी समुदाय की उत्पादक भी है क्योंकि आखिरकार भाषा ही मानव समुदाय की प्रकृति से और प्रकृति से बाहर तालमेल का सामर्थ्य देती है।

आधुनिक चीनी कहानियाँ

वैसे तो इन कहानियों का चुनाव उनकी अपनी श्रेष्ठता के आधार पर किया गया है, पर साथ ही यह ध्यान भी रखा गया है कि कुल मिलाकर वे 1911 की क्रान्ति से लेकर चीन में अब तक (1957) घटित होने वाले परिवर्तनों का सम्यक् चित्र उपस्थित कर सकें। यह अनुमान न किया जाये कि एक पुस्तक के अन्दर ही समग्र चित्र उपस्थित किया जा सकता है, केवल इस बात का भरसक प्रयत्न किया गया है कि यह यथासाध्य अधिक से अधिक प्रतिनिधि संकलन बन सके।

लू शुन से ही प्रारम्भ करना स्वाभाविक है, क्योंकि उन्होंने ही अपनी मौलिक कहानियों की रचना करके जन-भाषा में आधुनिक चीनी साहित्य को अपने विकास पथ पर अग्रसर किया। उनमें से उनकी तीन कहानियाँ यहाँ संग्रहित हैं।

प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 200
मूल्यः रु. 120.00
ISBN : 81-87772-86-7



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 104
मूल्यः रु. 60.00
ISBN:81-87772-83-2

एग्नेस स्मेडली

जगविन्दर जोधा

यह क्रान्तिकारी एग्नेस स्मेडली के जीवन की एक झांकी है। 19 सितम्बर 1916 को सैन फ्रान्सिस्को में एग्नेस ने भारतीय सिखों/हिन्दुओं के एक प्रतिनिधि रामचन्द्र को एक रैली में बोलते हुए सुना था। एग्नेस इन भारतीय देशभक्तों के प्रति अपनापन का भाव रखती थीं। उनको इनमें अपने पुरखों के अक्स दिखायी देते थे जो करीब डेढ़ सदी पहले अमरीका की आजादी के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़े थे। थोरबर्ग ब्रुनडन के समाजवादी मित्रों के द्वारा यह परिचय और भी गहरा हो गया था। एग्नेस भारत के इतिहास संस्कृति और भूगोल के बारे में बहुत कुछ जानना चाहती थी। वह विस्तार से पढ़ने की योजना बना ही रही थी कि एक दुर्घटना घट गयी।

केन सारो-वीवा

आनन्द स्वरूप वर्मा

इस पुस्तक से...

22 मई को रात में एक बजे केन सारो-वीवा को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर कोई आरोप औपचारिक तौर पर नहीं लगाया गया और बोरी के मिलिट्री कैंप में उन्हें रख दिया गया जहाँ से उन्होंने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया था कि वह कर्नल कोमो द्वारा लगाये गये इन आरोपों से इनकार करते हैं कि ओगोनी के चार नेताओं की हत्या में उनका हाथ है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस दिन यह काण्ड हुआ वह ओगोनी में नहीं थे। महीनों तक सारो-वीवा को बगैर किसी आरोप के बन्द रखा गया। उन्हें कानूनी और डॉक्टरी सुविधा लेने से भी मना कर दिया गया हालाँकि हिरासत के दौरान उन्हें दिल का दौरा भी पड़ा था।



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 154
मूल्यः रु. 100.00
ISBN:81-87772-79-4

हम आखिर हमसाये हैं

मधुकर उपाध्याय

केन सारो-वीवा पर हिन्दी में लिखा गया यह पहला नाटक है। 10 नवम्बर, 1995 को केन सारो-वीवा को फाँसी दी गयी थी और इसके कुछ ही समय बाद 1996 में यह नाटक लिखा गया जिसे बीबीसी लंदन ने प्रसारित किया। वैसे भी नाइजीरिया के इस महान बुद्धिजीवी पर हिन्दी में बहुत कम सामग्री उपलब्ध है और ऐसे में इस नाटक के प्रकाशन से सारो-वीवा के जीवन और उनके संघर्ष पर अच्छी जानकारी मिलती है।

प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 64
मूल्यः रु. 40.00
ISBN : 81-87772-85-9

क्या मजदूर वर्ग दुनिया को बदल सकता है?

माइकल डी येट्स

अनुवाद : दिगम्बर

मजदूर वर्ग के नये रूपों को परिभाषित करते हुए पुस्तक के पहले अध्याय में लेखक ने असंगठित क्षेत्र के सर्वाधिक शोषित मजदूरों की जिन्दगी का जीवन्त चित्र प्रस्तुत किया है। कॉरपोरेट समूहों के हित में किसानों की जमीन चोरी उनके शोषण और बेदखली दोनों का ही इजहार है जिनको उजाड़कर मजदूरों की आरक्षित सेना (बेरोजगारों की भीड़) में धकेल दिया जाता है। बाल मजदूरी नये रूपों में प्रचलित है-- पन्द्रह वर्ष और इससे ऊपर के किशोर दिहाड़ी मजदूर और यहाँ तक कि पाँच से पन्द्रह वर्ष की आयु के मजदूर भी बेहद खराब हालात में जीने और काम करने को मजबूर हैं। यह औद्योगिक क्रान्ति से पहले के समाज और अंधेरे दौर की याद दिलाता है।

प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 200
मूल्यः रु. 120.00
ISBN : 81-87772-81-6



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 200
मूल्यः रु. 120.00
ISBN:81-87772-77-8

मातीगारी
न्गुगी वा थ्योंगो
अनुवाद : राकेश वत्स

यह उपन्यास 1986 में गिकुयू भाषा में प्रकाशित हुआ। 1982 और 1986 के बीच नाइजीरिया में अनेक लेखकों और बुद्धिजीवियों को या तो जेल में डाल दिया गया था या उन्हें इस बात के लिए मजबूर कर दिया गया था कि वे देश छोड़कर चले जायें। दमन का स्वरूप ऐसा था कि छात्रों और अध्यापकों के बीच चल रहे विचार-विमर्श को भी डैनियल अरप मोई की सरकार की खुफिया एजेंसियाँ मॉनीटर करती थीं। 'मातीगारी' के प्रकाशन के बाद केन्या में अजीबोगरीब घटनाएँ हुईं। इस उपन्यास का नायक मातीगारी मा न्जीरूंगी (जिसका शाब्दिक अर्थ है वह देशभक्त जिसने गोलियाँ झेली हों) अपने दुश्मनों एक गोरे सेटलर और उसके दलाल एक काले केन्याई का सफाया करने के बाद वापस अपने गाँव लौटता है।...

नीतिशास्त्र के बुनियादी सरोकार
सुधा चौधरी

यह पुस्तक एक ऐसे दौर का उत्पाद है, जिसमें धरती के बहुसंख्य जन प्रचण्ड संघर्ष में शामिल हैं-- युद्ध, गरीबी, असुरक्षा, धर्म, पूँजी, प्रतिक्रियावादी ताकतों की बढ़ती संगठित आक्रामकता और सत्ता के जनविरोधी चरित्र के विरुद्ध तथा फासीवाद और प्रजातंत्र। पूँजीवाद और समाजवाद, रूढ़िवादी और प्रगतिशील ताकतों के बीच कड़ा संघर्ष आज के कटु यर्थाथ हैं। ये समस्याएँ जितनी नैतिक हैं, उतनी आर्थिक और राजनीतिक भी हैं। लेकिन इनको नैतिक समस्या कहने का अर्थ यह नहीं है कि 'व्यवस्था' को निरापद बनाकर उन्हें किसी प्रार्थना, पैगम्बर के प्रवचनों, नैतिकता की तत्त्वमीमांसीय परिभाषाओं या रहस्यात्मक ब्रह्मीय-सूत्र से हल किया जा सकता है, बल्कि यह कहना चाहिए कि वे मानव के कल्याण या नुकसान, शुभ या अशुभ...



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 320
मूल्यः रु. 180.00
ISBN:81-87772-82-4



प्रथम संस्करणः 2019
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 100
मूल्यः रु. 60.00
ISBN : 81-87772-87-5

ली यू-त्साई के गीत
चाओ शू-ली

प्रसिद्ध साम्यवादी आलोचक चाओ याङ ने चाओ शू-ली की रचनाओं की विशेषताएँ इस प्रकार बतायी थीं-- "कहानियों के सभी पात्र वास्तविक जीवन से लिए जाते हैं। ऐसे भी पात्र जीवन को उन्नत बनाने के संघर्ष में सक्रिय भाग लेने वाले होते हैं। इसी संघर्ष के माध्यम से उनके व्यक्तित्वों का विकास पाठक के निकट उद्घटित होता है। उनके सबसे प्रिय पात्र प्रगतिशील किसान और कार्यकर्ता होते हैं। ये पात्र या चरित्र विधेयात्मक होते हैं, निषेधात्मक नहीं। किन्तु फिर भी उनका आदर्शीकरण नहीं किया जाता कि वास्तव में उनके होने में विश्वास ही न हो। चाओ शू-ली की कृतियों में ग्रामीण जनता की सहज बुद्धि और क्रान्तिकारी आशावाद झलकता है।

आधुनिक मानव का अलगाव
फ्रित्ज पापेनहाइम
अनुवाद : दिगम्बर

शीर्षक से ही स्पष्ट है कि यह किताब अपने आस-पास की दुनिया से अलग-थलग, अलगावग्रस्त व्यक्ति की लाचारी और दुर्दशा के बारे में है। अलगाव के बारे में अपने अन्तिम निष्कर्षों के समर्थन में लेखक ने कार्ल मार्क्स और फर्दिनान्द टोनीज की रचनाओं पर विस्तार से चर्चा की है।

किताब का विषय-- अलगाव, अजनबीयत या बेगानापन, जिससे नयी कविता, नयी कहानी जैसी साहित्यिक धाराओं तथा काफ्का, कामू और सार्त्र जैसे अस्तित्ववादियों की रचनाओं के जरिये परिचय मिलता है, उसका खुलासा लेखक ने बहुत ही दिलचस्प और कायल बना देने वाली शैली में किया है।



प्रथम संस्करणः 2012
नवीन संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 148
मूल्यः रु. 80.00
ISBN : 81-87772-21-2



खून की पंखुड़ियाँ
न्गुगी वा थ्योंगो
अनुवाद : आनन्द स्वरूप वर्मा

प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 450
मूल्यः रु. 300.00
ISBN : 81-87772-37-9

'खून की पंखुड़ियाँ' की रचना प्रक्रिया के बारे में जिक्र करते हुए न्गुगी ने अपने निबन्ध संग्रह 'राइटर्स इन पॉलिटिक्स' में एक जगह लिखा है-- ''इस उपन्यास के लेखन के दौरान यह देख कर मैं हतप्रभ रह गया कि केन्या की गरीबी की वजह कोई अन्दरूनी नहीं है-- यह इसलिए गरीब है क्योंकि यहाँ की सारी सम्पदा का इस्तेमाल पश्चिमी जगत के विकास में हो रहा है। ...पश्चिम जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान और अमरीका द्वारा एक यूनिट पूँजी निवेश के बदले में साम्राज्यवादी बुर्जुआ हमारे यहाँ से दस यूनिट सम्पदा अपने देशों को ले जाता है। ... इसमें मैं यही दिखाना चाहता था कि साम्राज्यवाद कभी भी हम केन्याइयों का या हमारे देश का विकास नहीं कर सकता। ऐसा करते समय मैंने भरसक केन्या के मजदूरों और किसानों की इस अनुभूति के प्रति ईमानदार रहने की कोशिश की जिसे उन्होंने 1895 से ही अपने संघर्षों के जरिये प्रदर्शित किया है।''

पत्थरों का देश
अलेक्स ला गुमा
अनुवाद : आनन्द स्वरूप वर्मा

अलेक्स ला गुमा का यह उपन्यास फ्पत्थरों का देशय 1967 में प्रकाशित हुआ और अपने शीर्षक के अनुरूप ही इसने रंगभेद और नस्ली उत्पीड़न का दंश झेल रहे दक्षिण अप्रफीका की एक तस्वीर प्रस्तुत की।

अलेक्स ला गुमा का यह उपन्यास दक्षिण अप्रफीका के उस दौर का चित्रण करता है जब दुनिया की अत्यन्त बर्बर व्यवस्था यानी रंगभेद नीति की चपेट में दक्षिण अप्रफीका पड़ा हुआ था। 1948 में नेशनल पार्टी ने वहाँ सत्ता सम्भाली थी और उसने फ्काले खतरेय को समाप्त करने के वायदे के साथ रंगभेद नीति को आधिकारिक तौर पर लागू किया। पफासीवाद की पोषक इस पार्टी ने सत्ता में आते ही ऐसे बेशुमार कानून बनाये जो देश की कुल आबादी के पाँचवें हिस्से-- मुट्ठीभर गोरों के हित में हों...



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 212
मूल्यः रु. 120.00
ISBN : 81-87772-34-4



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 96
मूल्यः रु. 80.00
ISBN:81-87772-27-1

एक बहुत लम्बा खत

मरियामा बा

अनुवाद : दिगम्बर

मरीयामा बा का यह लघु उपन्यास 'सो लॉन्ग अ लेटर' एक लम्बे पत्र की शैली में लिखा गया है। उपनिवेशवादी दौर में महिलाओं की स्थिति इस लघु उपन्यास के केन्द्र में है जो स्वाधीनता प्राप्ति के बाद सेनेगल के समाज में अपनी आजादी और बराबरी के लिए जद्दोजहद करती हैं। 1980 में इसके प्रकाशन के बाद इसे पाठकों की भरपूर सराहना मिली। अफ्रीकी साहित्य जगत में और खासकर नारीवादी लेखन के क्षेत्र में इसने काफी ख्याति अर्जित की। 1980 में ही इसे अफ्रीकी साहित्य का प्रतिष्ठित नोमा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

परम्परा और आधुनिकता का विरोधाभास, पितृसत्ता और बहुविवाह जैसी कुप्रथाओं का कायम रहना, कामकाजी औरतों पर नौकरी, गृहस्थी और रूढ़िवादी जिम्मेदारियों का तिहरा बोझ, इन सब का सजीव चित्रण इसमें किया गया है।

अफ्रीकी कहानियाँ-1

अनुवाद और सम्पादन : आनन्द स्वरूप वर्मा

किसी भी देश के साहित्य को तभी समझा जा सकता है, जब वहाँ के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन की थोड़ी-बहुत जानकारी हो। कहानियों या कविताओं के मात्र अनुवाद पढ़ने से जो सुख मिलता है, वह उस समय और ज्यादा बढ़ सकता है अगर हमें इन देशों के बारे में जानकारी हो। यही वजह है कि प्रस्तुत संकलन में हर देश की कहानी से पूर्व उन देशों के राजनीतिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अत्यन्त संक्षिप्त टिप्पणियाँ दी गयी हैं। यह दावे के साथ कहा जा सकता है कि जिन रचनाकारों को इसमें शामिल किया गया है, वे अपने-अपने देशों में कापफी प्रतिष्ठित हैं और उनके माध्यम से अप्रफीकी साहित्य के विशाल भंडार की एक झलक मिल जाती है।



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 212
मूल्यः रु. 120.00
ISBN:81-87772-35-2



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 88
मूल्यः रु. 50.00
ISBN : 81-87772-36-0

अफ्रीकी कहानियाँ-2

अनुवाद : आर शान्ता सुन्दरी

इस संग्रह में चिनुआ अचेबे और न्गुगी वा थ्योंगो जैसे सुप्रसिद्ध अफ्रीकी लेखकों के साथ एग्नेस एनिया, कुनले शिट्टू जैसे युवा लेखकों तक की कहानियों को अनुवाद के लिए लिया गया है। इस तरह अफ्रीकी साहित्य में क्रमिक विकास एवं परिवर्तन को दिखाने का प्रयत्न किया गया है। इसी तरह अफ्रीकी महाद्वीप के विभिन्न देशों से कहानियाँ चुनी गयीं।

कुल मिलाकर अफ्रीकी कहानियों में शोषितों और पीड़ितों की दुर्दशा का चित्रण मिलता है। गरीबी, निरक्षरता, रिश्वतखोरी, शासकों द्वारा किये जाने वाले अत्याचार, स्त्रियों की दयनीय स्थिति आदि इन कहानियों के मुख्य विषय हैं। जिन्दगी से और अनुभवों से निकलती ये कहानियाँ मर्म को छू लेती हैं।

बुद्धिजीवी का दायित्व

प्रस्तुत संकलन में रूसी लेखक मक्सिम गोर्की, ब्रिटिश चिंतक बर्ट्रेंड रसेल और इटली के मार्क्सवादी दार्शनिक अन्तोनियो ग्राम्शी के विचारों के साथ मौजूदा दौर की विसंगतियों पर पैनी नजर रखने वाले विचारकों एडवर्ड सईद, पॉल बरान, जेम्स पेट्रास और माइकल डी येट्स के लेखों को शामिल किया गया है। निश्चय ही आज के कठिन समय में बुद्धिजीवियों की भूमिका और उनके दायित्व को समझने में यह संकलन उपयोगी साबित होगा।

समग्र रूप से बुद्धिजीवियों की भूमिका पर चर्चा करते समय हम देखते हैं कि हमारे पास एक ऐसा भी उदाहरण है "जो संभवतः एकमात्र है" जहाँ बुद्धिजीवियों ने पहले सांस्कृतिक संगठनों की नींव रखी और उन्हीं सांस्कृतिक संगठनों का आगे चलकर मुक्ति आन्दोलनों में विकास हुआ और इन आन्दोलनों ने अपने-अपने देशों को औपनिवेशिक गुलामी से मुक्त कराया।...



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 108
मूल्यः रु. 60.00
ISBN : 81-87772-64-6



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 108
मूल्यः रु. 60.00
ISBN:81-87772-62-X

एक अर्थशास्त्री का सफरनामा

माइकल डी येट्स

अनुवाद : कवीन्द्र कबीर

यह ऐसी किताब है जिसकी बातें इस मानवद्रोही राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था के प्रभु वर्ग के लिए अत्यन्त असुविधाजनक हैं। इसमें आप सुन्दर-सुन्दर प्राकृतिक दृश्यों के चित्र देखेंगे, लेकिन ऐसे दृश्य भी दिखाई देंगे जिनको यात्रा-वृत्तान्त की किताबों में अस्पर्शनीय माना जाता है, यानी असली अमरीका की बीभत्स तस्वीर -- हाशिये पर फेंक दिये गये लोग, भयावह गरीबी, कम मजदूरी पर गुजारा करते हाड़तोड़ मेहनत करने वाले मजदूर, गृह-ऋण बुलबुला फटने के बाद मध्यम वर्ग की दुर्दशा, दिनोंदिन बढ़ती गैर-बराबरी और पर्यावरण की बेइन्तहा तबाही। और सबसे बढ़कर अमरीका के मूल निवासी इंडियन्स के इतिहास के अवशेषों और स्मृति-चिन्हों का घूम-घूमकर जुटाया गया प्रत्यक्ष साक्ष्य है...

डॉ. कोटनिस की स्मृति में

शङ श्येनकुङ, लू चीशन, चाङ छाङमान

यह किताब डॉ. द्वारकानाथ शान्ताराम कोटनिस (1910-42) के जीवन पर आधारित है जो सितम्बर 1938 में, जापानी-आक्रमण-विरोधी युद्ध में चीनी जनता की सहायता करने के लिए भारतीय मेडिकल मिशन में शामिल हुए थे। फरवरी 1939 में वे येनान पहुँचे और इसके बाद जापान-विरोधी युद्ध के मोर्चे पर पहुँचे। जनवरी 1941 में वे नॉर्मन बेथ्यून अन्तरराष्ट्रीय शान्ति अस्पताल के निदेशक नियुक्त हुए। 9 दिसम्बर 1942 को उनका देहान्त हपेइ प्रान्त की थाङश्येन काउन्टी में हुआ।

डॉ. कोटनिस का नाम और उनके कार्य विश्वबन्धुत्व की शानदार मिसाल हैं। उनका बलिदान चीनी और भारतीय जनता की मैत्री के इतिहास को रोशन करता रहेगा।



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 160
मूल्यः रु. 80.00
ISBN:81-87772-49-2



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 108
मूल्यः रु. 80.00
ISBN : 81-87772-67-0

चे ग्वेरा की याद में

फिदेल कास्त्रो

अनुवाद : दिगम्बर

इस संकलन में चे की याद में विभिन्न अवसरों पर दिये गये भाषण हैं, जिनमें क्यूबा की क्रान्ति में उनके योगदान का सजीव चित्रण है। इसके अलावा एक क्रान्तिकारी के रूप में चे के व्यक्तित्व की विशेषताओं को ठोस घटनाओं के माध्यम से बताया गया है। अलग-अलग छवियों और दृश्यों को अगर एकत्रित किया जाये तो चे के क्रान्तिकारी जीवन की एक मुकम्मिल तस्वीर हमारे सामने आ जाती है। विभिन्न राष्ट्रीय-अन्तरराष्ट्रीय मुद्दों पर चे की राजनीतिक समझ और अवस्थिति को भी इसमें यथास्थान प्रस्तुत किया गया है। एक पत्रकार को दिये गये इन्टरव्यू का अंश सबसे महत्त्वपूर्ण है जिसमें फिदेल ने समाजवादी खेमे में वैचारिक भटकाव और विवरण पर चे की राय के माध्यम से अपना रुख स्पष्ट किया है।

जनाब कोएनर की कहानियाँ

बर्तोल्त ब्रेख्त

अनुवाद : दिगम्बर

सूक्ति या कहावतों की शैली में लिखे ये छोटे-छोटे गल्प के टुकड़े ब्रेख्त की गद्य शैली के अनोखे नमूने हैं। अधिकांश रचनाएँ आधे पन्ने की या उससे भी छोटी, यहाँ तक कि एक या दो वाक्य की भी हैं जो नावक के तीर की तरह प्रभावकारी हैं। सीधी सपाट बातें करने के बजाय इनमें शब्दाडम्बर का प्रयोग किया गया है और कोई अन्तिम निष्कर्ष प्रस्तुत करने की जगह पाठकों को उधेड़बुन और विचार-विमर्श की मनःस्थिति में ला देने का प्रयास किया गया है। इन कहानियों में राजनीति के अलावा रोजमर्रे की जिन्दगी, सच्चाई, प्रेम, ईश्वर, देश निकाला, मानव स्वभाव, सत्ता का आतंक और जनता की आशा-आकांक्षा का भरपूर चित्रण हुआ है।



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 116
मूल्यः रु. 60.00
ISBN : 81-87772-46-8



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 96
मूल्यः रु. 50.00
ISBN : 81-87772-47-6

न्यूरेमबर्ग मुकदमा
(एक रिपोर्ट)
यारोस्लाव हलान

हलान ने, 1945-46 में नाजी जर्मनी के मुख्य युद्ध अपराधियों के न्यूरेमबर्ग मुकदमे में सोवियत-यूक्रेनी प्रेस का प्रतिनिधित्व किया। इसके साथ ही उन्होंने अनेकों यूरोपीय देशों की यात्रा की और फासीवाद के विरुद्ध विश्व संघर्ष और एक नये युद्ध के खतरे का वर्णन करते हुए, पुस्तिकाओं और रिपोर्टों की एक पूर्ण शृंखला में अपने अनुभवों को लिपिबद्ध किया।

इस संग्रह की रिपोर्टें लगभग आधी सदी पूर्व लिखी गयी थीं, लेकिन आज के पढ़ने वालों के लिए उनका सन्देश हमेशा की भाँति इस समय भी प्रासंगिक है।

नयी पीढ़ी के लिए
गोर्की, लू शुन, प्रेमचन्द
राणा प्रताप

गोर्की और लू शुन के बीच तो अत्यधिक निकटता भी बन गयी थी। जीवन के अंतिम दौर में लू शुन जब गम्भीर रूप से बीमार पड़े, गोर्की ने लू शुन को रूस में आकर इलाज कराने की सलाह दी। लेकिन उन्होंने नहीं माना। उनका उत्तर था, "जब दूसरे लड़ रहे हैं, प्राणों की आहुति दे रहे हैं, मैं चारपाई में पड़कर आराम नहीं कर सकता। काम करते हुए कुछ बरस जीना, बिना काम करते हुए अधिक जीने से बेहतर है।"

जनता के प्रति यह जो प्यार है, वह गोर्की, लू शुन और प्रेमचन्द तीनों ही लेखकों में समान रूप से देखने को मिलता है। संघर्ष से जूझती, उत्पीड़न और शोषण के विरुद्ध लड़ती और दमनचक्र के खिलाफ जोरदार प्रतिरोध खड़ा करती जनता किन अग्रगामी लेखकों को प्रिय न होगी?



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 168
मूल्यः रु. 80.00
ISBN : 81-87772-63-8



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 80
मूल्यः रु. 40.00
ISBN:81-87772-66-2

सवालों की किताब

पाब्लो नेरूदा

अनुवाद : रेयाज उल हक

सवालों की किताब को एक नये नजरिये से देखा जाना चाहिए। बच्चों की मासूमियत और बड़ी उम्र के तजुर्बे को एक साथ पिरोने वाले इसमें ऐसे सवाल दिये गये हैं जो सुलझाए जाने के लिए नहीं बने हैं। ये बने बनाये इकहरे जवाबों की तानाशाही को खारिज करते हैं और कल्पना और सपनों की एक नयी रंग-बिरंगी दुनिया की हिमायत करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ये सवाल अबूझ हैं और न ही इसका मतलब यह है कि इनमें कोई आध्यात्मिक अटकल छिपी है। हमारे आसपास की दुनिया से लिये गये बिम्बों और जानी-पहचानी चीजों को लेकर बनायी गयी ये कविताएँ किसी आध्यात्मिक अटकल के लिए कोई जगह नहीं छोड़तीं। वे बस इसकी गुजारिश करती हैं कि सवालों पर नये सिरे से सोचा जाये और जवाब तक पहुँचने के बने बनाये रास्तों की आदत को छोड़ा जाये।

किस्सों का शिकारी

एदुआर्दो गालेआनो

अनुवाद : रेयाज उल हक

अपनी इस अन्तिम किताब को लिखते वक्त गालेआनो शायद मौत की आहटों को सुनने की कोशिश कर रहे थे। कम से कम वे इस पर सोच जरूर रहे थे, क्योंकि इस किताब में मौत के विषय पर कई सारी कहानियाँ हैं, जिनमें से एक को आखिर में रखा गया है। इस रंग-बिरंगी दुनिया से, जिसकी विविधता पर उन्हें फख्र भी था और जिसकी ख्वाहिश भी, विदा लेते हुए वे कई जगह पलट कर अपने जीवन पर गौर करते हुए लगते हैं।

अपने आखिरी वक्त तक वह अपने अवाम के साथ खड़े रहे, उनके हक में बोलते रहे। एक ऐसे वक्त में, जब लोकतंत्र, बराबरी, और इनसानी गरिमा पर चौतरफा हमले हो रहे हैं, गालेआनो हमेशा से ज्यादा आज एक प्रासंगिक लेखक बन जाते हैं।



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 40
मूल्यः रु. 25.00
ISBN:81-87772-65-4



प्रथम संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 36
मूल्यः रु. 20.00
ISBN : 81-87772-74-3

निगरानी पूँजीवाद

जॉन बेलामी फोस्टर, रॉबर्ट डब्ल्यू मैक्चेस्नी

अनुवाद : कुमार सुशील

इस किताब का एक अंश-- निजी जिन्दगी सम्बन्धी जानकारियों पर खतरा लगातार बढ़ रहा है, यहाँ तक कि बहुत सारे अमरीकी नागरिक इस बात से अनभिज्ञ हैं कि सरकारी एजेंसियाँ तथा प्राइवेट कम्पनियाँ नागरिकों की निजी जिन्दगी से सम्बन्धित गतिविधियों को कम्प्यूटर तथा माइक्रो पिफल्म तकनीक की सहायता से एकत्रित, संग्रहित और आपस में साझा कर रही हैं। शायद ही कोई दिन होगा जब किसी नये डाटा का खुलासा न होता हो... जरा अमरीकी पफौज के सूचना इकट्ठा करने वाले कार्यकलाप को देखिए। इस साल की शुरुआत में पता चला कि पफौजी गुप्तचर विभाग कापफी समय से बहुत सारे संगठनों की कानूनी राजनैतिक गतिविधियों पर योजनाब(तरीके से निगरानी रख रहा था...

मनुष्य की भौतिक सम्पदाएँ

लियो ह्यूबरमन

इस पुस्तक के दो उद्देश्य हैं। यह इतिहास की आर्थिक सिद्धान्त और आर्थिक सिद्धान्त की इतिहास के माध्यम से व्याख्या का एक प्रयास है। यह परस्पर सम्बन्ध महत्त्वपूर्ण और आवश्यक है। इतिहास का अध्ययन अधूरा है, यदि उसके आर्थिक पहलुओं की ओर कम ध्यान दिया जाये और आर्थिक सिद्धान्त तब नीरस लगते हैं, जब उन्हें उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अलग कर दिया जाता है। राजनीतिक अर्थशास्त्र राजनीतिक ही रहेगा, जब तक कि इसका अध्ययन-अध्यापन ऐतिहासिक शून्यता में किया जायेगा। रिकार्डो का भूमि-शुल्क सिद्धान्त अपने आप में कठिन और नीरस है। लेकिन इसे इसके ऐतिहासिक प्रसंग में रखकर देखिये, इसे उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध के इंग्लैण्ड के भू-स्वामियों और उद्योगपतियों में संघर्ष के रूप में देखिये और यह कितना उत्तेजक और अर्थपूर्ण हो जाता है।



प्रथम संस्करणः 1996
नवीन संस्करणः 2018
आकार : डिमाई/8,
पृष्ठ : 368
मूल्यः रु. 120.00
ISBN : 81-87772-02-6

